फा.सं. आर-16011/01/2019-बीमा-I

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

भारत सरकार का हैदराबाद में अवस्थित भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडाई) में पूर्णकालिक सदस्य (संवितरण) के पद को भरने का प्रस्ताव है। इरडाई एक सांविधिक विनियामकीय निकाय है जिसकी स्थापना बीमा विनियामकीय और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999 के अंतर्गत की गई थी।

2. संवितरण के क्षेत्र में पूर्णकालिक सदस्य के पद के लिए विनिर्धारित पात्रता शर्तें निम्नानुसार हैं:-

(क) आवेदक क्षमतावान, सत्यनिष्ठ और ख्याति प्राप्त होना चाहिए जिसे प्रबंधन /विपणन/उपभोक्ता मामले या संबंधित क्षेत्रों में स्नातकोत्तर या पेशेवर डिग्री प्राप्त हो।

(ख) आवेदक की आयु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को 50 वर्ष से कम न हो।

(ग) उसे अर्हता प्राप्त करने के पश्चात कम से कम 25 वर्ष का अनुभव हो जिसमें कम से कम 15 वर्ष संबंधित क्षेत्र में होना चाहिए।

(घ) दिनांक 9.1.2020 को आवेदक की कम से कम 2 वर्ष की सेवा शेष होनी चाहिए अर्थात उस तिथि को उसकी आयु 60 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(ड.) वह भारत का नागरिक हो।

3. **अतिरिक्त जानकारी**

(क) संबंधित संगठन में अधिमानत: वरिष्ठ कार्यपालक अथवा प्रबंधन स्थिति में पहुंचने तक संगत क्षेत्र में कम से कम 25 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

(ख) सरकारी सेवक हो और भारत सरकार में अधिमानत: कम से कम अपर सचिव अथवा राज्य सरकारों में उसके समकक्ष स्तर पर कार्य किया होना चाहिए।

(ग) सार्वजनिक क्षेत्र के अधिकारियों में कम से कम बोर्ड स्तर से एक स्तर नीचे पर कार्य किया होना चाहिए।

(घ) विनियामकीय क्षेत्र से आवेदकों ने विनियामकीय निकाय में अधिमानत: कम से कम कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्य किया होना चाहिए।

(ड.) निजी क्षेत्र के आवेदकों ने अधिमानत: कार्यकारी अध्यक्ष/प्रमुख के स्तर पर कार्य किया होना चाहिए।

(च) शिक्षाविदों ने संबंधित विभाग अथवा संकाय में अधिमानत: कम से कम प्रोफेसर के रूप में कार्य किया होना चाहिए।

(छ) अन्य पेशेवरों के पास संबंधित पेशेवर क्षेत्र में मोटे तौर पर उपर्युक्त के समकक्ष अनुभव और पूर्ववृत (क्रेडेंशियल) होने चाहिए।

(ज) आवेदकों के पास नेतृत्व और निर्णय लेने की विशेषज्ञता का विश्वसनीय रिकार्ड होना चाहिए।

4. **शर्तें और निबंधन**: पद के लिए नियुक्ति का कार्यकाल भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999 के अनुसार होगा। पूर्णकालिक सदस्य के लिए समेकित वेतन और भत्ते कार अथवा आवास की सुविधा के बिना 4.00 लाख रुपए प्रतिमाह होंगे। सदस्य (इरडाई) की सेवा संबंधी अन्य निबंधन एवं

शर्तें बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों को देय वेतन तथा भत्ते और सेवा की अन्य निबंधन एवं शर्तें) नियम, 2000 द्वारा अभिशासित होंगे।

5. सरकारी/सार्वजनिक/विनियामकीय क्षेत्र के आवेदकों को अपने आवेदन अपने विभाग के अध्यक्ष/उचित माध्यम से भेजने होंगे। तथापि, अधिकारिक चैनलों के माध्यम से आवेदन की प्रत्याशा में सीधे ही अग्रिम आवेदन भेजे जा सकते हैं। आवेदनों के साथ निम्नलिखित होने चाहिए:

(i) अभ्यर्थी की पिछले 5 वर्ष की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) अथवा वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर) की अनुप्रमाणित प्रतियां।
(ii) सत्यनिष्ठता प्रमाण-पत्र।
(iii) इस प्रमाणन के साथ कि संबंधित अधिकारी के विरुद्ध न तो कोई अनुशासनात्मक कार्यवाहियां अथवा आपराधिक कार्यवाहियां लंबित हैं और न ही चलाए जाने का प्रस्ताव है, सतर्कता निकासी।
(iv) अभ्यर्थी पर लगाई गई दीर्घ/लघु शास्तियों, यदि कोई हो तो, की सूची अथवा अन्यथा, एक प्रमाण-पत्र जो कि इस बात की पुष्टि करें कि अधिकारी की पिछले 10 वर्ष की सेवा के दौरान कोई शास्ति नहीं लगाई गई है।

6. गैर-सरकारी/गैर-सार्वजनिक क्षेत्र/गैर-विनियामकीय क्षेत्र के आवेदक ऊपर सूचीबद्ध किए गए के अपने संगठनों पर यथा लागू समकक्ष दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं।

7. नियुक्ति केन्द्र सरकार द्वारा वित्तीय क्षेत्र विनियामकीय नियुक्ति खोज समिति (एफएसआरएएससी) की सिफारिश पर की जाएगी।

8. अधूरे आवेदनों अथवा देय तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

9. चयनित अभ्यर्थी को इरडाई में कार्यभार ग्रहण करने से पहले अपने वर्तमान रोजगार से इस्तीफा/सेवानिवृत्त एवं कार्यभार मुक्त होना होगा। इरडाई में पूर्णकालिक सदस्य के कार्यकाल के उपरांत पुनर्नियोजन हेतु यथा विनिर्धारित पाबंदियां लागू होंगी।

10. चयनित अभ्यर्थी को नियुक्ति हेतु प्रस्ताव की तिथि से 30 दिन के भीतर कार्यभार ग्रहण करना होगा। इस अवधि को सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अध्यधीन किसी अभ्यर्थी के अनुरोध पर 15 दिन की अतिरिक्त अवधि तक बढ़ाया जा सकेगा।

11. यदि चयनित अभ्यर्थी नोटिस के उपरांत भी कार्यभार ग्रहण नहीं करता है अथवा अपनी अनिच्छा व्यक्त करता है, तो उसे भारत सरकार के अंतर्गत सभी स्वायत्त/सांविधिक/विनियामकीय निकायों में 3 वर्ष के लिए नियुक्ति पर विचार करने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।

12. संक्षिप्त जीवन-वृत्त और एक पासपोर्ट आकार वाली फोटो के साथ संलग्न प्रारूप में प्रत्येक आवश्यकता के लिए स्पष्ट रूप से पात्रता दर्शाने वाला आवेदन "पूर्णकालिक सदस्य (संवितरण), इरडाई के पद के लिए आवेदन" शब्द लिखे बंद लिफाफे में भेजे जाएं जो कि दिनांक 25.11.2019 तक नीचे लिखे पते पर पहुंच जाएं।

श्री उमेश चन्द्र,
अवर सचिव, भारत सरकार,
कमरा सं. 10, दूसरा तल, जीवन दीप भवन,
संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडाई) में पूर्णकालिक सदस्य (संवितरण) के पद हेतु आवेदन

फोटो

1. अभ्यर्थी का नाम:

2. (क) जन्म तिथि (ईस्वी सन् में):
   (ख) आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को आयु:

3. वर्तमान धारित पद/कब से/ड्यूटियों का विवरण/नियोक्ता का नाम और पता:

4. सेवा जिससे संबंधित हैं, यदि हो तो:

5. वर्तमान वेतन और वेतनमान:

6. डाक का पूरा पता
   (स्थायी):
   (वर्तमान/पत्राचार हेतु):

7. शैक्षिक योग्यता (शिक्षण वर्ष, डिग्री प्राप्त करने का वर्ष, विषय, सम्पूर्ण प्रतिशत/श्रेणी, संस्थान, इत्यादि सहित)

i. शैक्षिक:

ii. व्यवसायिक:

8. अनुभव का ब्यौरा और संक्षिप्त सेवा विवरण:

क्रम सं.	पद (नियमित/तदर्थ)/नियोक्ता का नाम और पता (नियमित/तदर्थ)	से/तक	वेतनमान और मूल वेतन	ड्यूटियों का स्वरूप	अभियुक्तियां/पद से संबद्ध कोई अन्य सूचना

9. आवेदन के समर्थन में कोई अन्य सूचना

आवेदक के हस्ताक्षर

तिथि:

अनुलग्नक: उपर्युक्त के समर्थन में दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियां और संक्षिप्त जीवन-वृत्त